मध्यप्रदेश विधान सभा

संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

बुधवार, दिनांक 18 फरवरी, 2026 (माघ 29, शक संवत् 1947)

विधान सभा पूर्वाह्न 11:01 बजे समवेत हुई

{अध्यक्ष महोदय (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर) पीठासीन हुए}

1. वर्ष 2026-2027 के आय-व्ययक का उपस्थापन

श्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री (वित्त) द्वारा राज्यपाल महोदय के निर्देशानुसार वर्ष 2026-2027 के आय-व्ययक के उपस्थापन के पश्चात् मध्यप्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अंतर्गत राजकोषीय नीति का विवरण वर्ष 2026-2027 सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया.

2. अध्यक्षीय घोषणा

अध्यक्ष महोदय द्वारा घोषणा की गई कि आय-व्ययक में सम्मिलित मांगों पर प्रस्तुत किये जाने वाले कटौती प्रस्तावों की सूचनायें निर्धारित प्रपत्र में आज दिनांक 18 फरवरी, 2026 को सायंकाल 04.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दी जा सकती है तथा आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा के लिये मैं दिनांक 20 फरवरी, 2026 नियत करता हूं.

वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक (बजट) का साहित्य माननीय सदस्यों को ई-बजट के रूप में विधान सभा सचिवालय द्वारा ई-विधान परियोजना के अंतर्गत प्रदाय किये जा रहे टेबलेट में अपलोड कर उपलब्ध कराया जा रहा है. माननीय सदस्यों से अपेक्षा है कि वे प्रदाय किये जाने वाले टेबलेट को विधान परिषद में स्वयं उपस्थित होकर प्राप्त करें.

3. गर्भगृह में प्रवेश एवं वापसी

श्री ओमकार सिंह मरकाम, सदस्य द्वारा डिण्डोरी जिले के मजदूरों को मजदूरी न मिल पाने का उल्लेख करते हुए गर्भ गृह में आकर, प्रदर्शन किया गया तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय की समझाईश पर अपने स्थान पर वापस चले गए.

4. गर्भगृह में प्रवेश, धरना एवं नारेबाजी

इण्डियन नेशनल कांग्रेस के सदस्यगण द्वारा विधायक निधि में बढ़ोत्तरी (पांच करोड़ रुपये) किये जाने की मांग करते हुए गर्भगृह में आकर नारेबाजी करने लगे एवं धरने पर बैठ गए.

5. स्वागत उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की दर्शक दीर्घा में सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर एवं श्री राहुल लोधी जी की उपस्थिति पर सदन की ओर से उनका स्वागत किया गया.

अपराह्न 12:35 बजे विधान सभा की कार्यवाही गुरूवार, दिनांक 19 फरवरी, 2026 (माघ 30, शक संवत् 1947) के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

अरविन्द शर्मा
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल
दिनांक: 18 फरवरी, 2026

....